भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं.143
गुरुवार, 20 जुलाई, 2023/29 आषाढ़, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

सिंहाचलम, आंध्र प्रदेश में तीर्थयात्रा संबंधी सुविधाएं

143 श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डीः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने आन्ध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में सिंहाचलम में स्थित श्री वाराह लक्ष्मी नरसिंह स्वामी वारी देवस्थानम में तीर्थयात्रा संबंधी सुविधाओं के विकास को मंजूरी दे दी है;

(ख) यदि हां, तो अब तक स्वीकृत की गई, जारी की गई और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में विकास कार्य कब तक पूरे हो जाएंगे?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने दिसम्बर 2022 में तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के अंतर्गत 5404.00 लाख रु. (चौवन करोड़ तथा चार लाख रु.) की अनुमानित लागत से ''विशाखापट्टनम, आंध्र प्रदेश के सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिंह स्वामी वारी देवस्थानम् में तीर्थयात्रा सुविधाओं के विकास'' की परियोजना को अनुमोदित किया है। प्रशाद योजना के अंतर्गत् स्वीकृत परियोजनाओं के लिए निधियाँ निविदा दस्तावेजों की प्रस्तुति, अपेक्षित उपयोगिता प्रमाण-पत्रों की प्रस्तुति और हस्तक्षेपों की भौतिक प्रगति आदि की शर्त पर जारी की जाती है। उपरोक्त के आधार पर इस परियोजना के लिए अभी तक कोई निधि जारी नहीं की गई है।

****